दावा पेश करने वालों में सुश्री मायावती थी और डा. मसूद अहमद थे, यह हो सकता था। आज के हालात में जिस तरह केन्द्र में एक दल ने दावा कि हमारी सबसे बड़ी तादाद है, हमें सरकार बनाने का मौका मिलना चाहिए और शेख चिल्ली का यह ख्वाब पूरा हुआ, 13 दिन के लिए सरकार बनी, बी.जे.पी. ने चमड़े का सिक्का 13 दिन इस देश में चलाया। इसी तरह से उत्तर प्रदेश के गवर्नर यह कर सकते थे कि मायावती कि सरकार...

श्री नरेन्द्र मोहन: महोदया, यह क्या कहा जा रहा है? चमड़े का सिक्का कैसे कहा जा रहा है? इस तरह की बात क्यों की जा रही है? शेख चिल्ली और चमड़े का सिक्का क्या कहा जा रहा है? इस तरह से प्रधान मंत्री के वक्तव्य पर बोला जा रहा है?..(व्यवधान)..

श्री मोहम्मद आज़म खान: यह हो सकता था कि मायावती की सरकार न बनाकर डा. मसूद अहमद को कहा जाता कि आइए, आप सरकार बना सकते हैं लेकिन क्योंकि इस वक्त गवर्नर को अपने जहन और अपनी सोच का इस्तेमाल करना होता है, अपने विवेक का इस्तेमाल करना होता है और यह राज्यपाल का पूरा अधिकार है। उन्होंने अपने उस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए डा. मसूद अहमद को दावत नहीं दी और सुश्री मायावती को सरकार बनाने के लिए दावत दी जिनका दल बहुत छोटा था, जिनके सदस्य बहुत कम थे लेकिन क्योंकि राज्यपाल इस बात से मुतमईन थे कि भारतीय जनता पार्टी की हिमायत बहुजन समाज पार्टी को हासिल है और बहुजन समाज पार्टी और भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने में सक्षम है इसलिए सुश्री मायावती को दावत दी गयी लेकिन आज के हालात में राज्यपाल जी के बार-बार यह कहने पर कि कोई दल या कोई व्यक्ति ऐसी सूची हमें दे जिससे हम मुतमईन हो जाएं कि यह दल सरकार बना सकता है और इस शर्त के साथ कि उस दल को इस बात के लिए भी बाध्य नहीं होना पड़ेगा कि गवर्नर हाउस में उसकी परेड होगी, सरकार बनाने का मौका दिया जाएगा। क्योंकि महोदया, उत्तर प्रदेश के हालात पूरे देश से अलग हालात हैं। यह वह प्रदेश हैं जहां बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि का विवाद है, यह वह प्रदेश है जहां कृष्ण जन्म भूमि और ईदगाह का विवाद है, यह वह प्रदेश है जहां पर बनारस की ज्ञान बापी मस्जिद का विवाद है। एक ऐसा प्रदेश जो विवादों के घेरे में घिरा हुआ है और जहां किसी दल ने वहां के रहने वाले 12 करोड़ इंसानों की जिन्दगी को जहन्नुम बना दिया है, ऐसे प्रदेश में राज्यपाल को किसी भी दल की सरकार बनाते वक्त यकीनन यह देखना पड़ेगा कि इस प्रदेश का कल क्या होगा? इस प्रदेश का मुस्तकबिल क्या होगा और इस देश का नसीब क्या होगा? यही वजह रही कि किसी ऐसे दल को जो खुद में कमजोर दल था, जिसकी अपनी हैसियत सरकार बनाने की नहीं थी, जबर्दस्ती राज्यपाल ने उस दल को बुलाकर सरकार बनाने

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

का काम नहीं किया। सिर्फ इतना हुआ है, इसके अलावा कुछ नहीं हुआ है। लिहाजा मैं मंत्री जी से स्पष्टीकरण चाहूंगा कि क्या मंत्री जी इस बारे में जवाब देंगे कि उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने क्या यह दावत किसी भी दल को या तमाम दलों को दी थी कि अगर वह ऐसी सूची दे सकें, जिस सूची से वह मुतमईन हो जाएं कि वह दल सरकार बना सकता है, इसमें सत्यता है कि नहीं। क्या यह सत्य है कि नहीं, इस पर भी ध्यान दें कि किसी दल ने आज की तारीख तक और किसी नेता ने आज की तारीख तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को कोई ऐसी सूची नहीं दी है जिससे यह साबित होता हो कि वह दल लिखकर या बताकर अपने सदस्यों के तादाद की बुनियाद पर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने की हैसियत रखता है या उस पर दावा रखाता है।

SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI: Madam Vice-Chairperson, while speaking during the debate on ratification of the President's proclamation, I had mentioned that the Constitution was being used recklessly and unconstitutionally. The High Court judgement today has justified that that was absolutely correct. The second point which I had mentioned during the debate was that the President as well as the House were being misled by a wrong and unconstitutional advice of the Council of Ministers. That is again borne out by the judgement today.

As has been pointed out by my colleagues Shri Raj Nath Singh and Shri Satish Aggarwal, which I had mentioned earlier also, the Union Government cannot disown its responsibility because it is the Council of Ministers which advises the President as regards adoption of the report of a Governor. It is not Governor's rule. It is President's rule. That is why it is the special responsibility of the Central Government. Special caution and prudence needs to be exercised. But somehow or the other they wanted that the BJP should be kept out. They did not bother about the provisions of the Constitution at all. This was obviously an extension of President's rule. But different names were being used to justify it, to rationalise it. I had also pointed out that to remedy the excesses of emergency certain restrictions had been placed as regards article 356. That is why it had become imperative even for this House to go in for the amendment of the Constitution when President's rule was extended beyond one year in Punjab. I had also pointed out this precedent. It was done in this particular case. But without showing any respect to the provisions of the Constitution, unfortunately the ratification was done by the House. That is why I would like to know from the Law Minister: Did he refer to that precedent of the Constitution amendment when President's rule was extended in Punjab? Does he and the Ministry think that by giving wrong advice to the President he has led to the issuance of a proclamation which has been declared null and void by the High Court? Here also I find that it is not the judgement or the Constitutional thing which has been discussed, but all that has been done is, using a phrase, 'no party or group was in a position to form a stable Government'. Now please read the Bommai judgement and the discussions which took place in this House and in the other House. I had quoted what Shri Indrajit Gupta said and I had also quoted what Shri Chaturanan Mishra had said at that point of time. I had mentioned about the latest things which have been written by a number of people including Shri L.P. Singh who was Governor of a number of States. He said that Constitutionally it was not the job of a Governor to see and ensure that there was a stable majority after all, if there is a stable majority, that stable majority also disappears after sometime. The Governor was not, if I might say, the guardian of the morality play, a phrase that was used a few days back. The Governor has to see that a Government comes into existence. The other provision is the Governor can send a message to the Assembly that it is for the Assembly to elect its leader or Chief Minister who, the Assembly thinks, can really run a Government or who can command a majority in the Assembly. Was that avenue explored by the Governor? No, it was not. I would like to know from the Law Minister whether this avenue was explored or this provision was conveyed to the Governor. I have nothing to say so far as the conduct of the Governor is concerned. Shri Azam has already mentioned certain things. I have nothing more to add. Thank you.

श्री सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : मैडम, आज हमारे सदन के सामने एक बहुत ही ... (व्यवधान)

†[ ]: میڈم - آج ہمارے سدن کے سامنے ایک بہت ہی ... "مداخلت" ...]

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप बंगाल के हैं। यू. पी. वालों को ही मौका दे रहे हैं।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): नहीं, आप बंगाल के रिप्रेजेन्टेटिव हैं।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मैं उत्तर प्रदेश का हूं।

सैयद सिब्ते रजी : आप यू. पी. वालों को तो बोलने दो।

मैडम, आज हमारे सदन के सामने एक बड़ी विचित्र, असाधारण और एकस्ट्रा-आर्डिनरी परिस्थिति आकर खड़ी हो गई है। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है और जैसा कि माननीय मंत्री जी ने अपने इस स्टेटमेंट के आखिरी में कहा है कि: "Let me, however, assure the House once again that the Government firmly believes that a popular Government should indeed be installed in the State but in this effort we require the cooperation of all political parties to break the stalemate in the State."

मैं समझता हूं कि ढाई महीने, तीन महीने पहले उत्तर प्रदेश में चुनाव हो चुके हैं और विभिन्न पार्टियों, सारी सियासी पार्टियों की बात की जा सकती है लेकिन मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जिन पार्टियों की सरकार केंद्र में है, उन पार्टियों के बारे में आपका क्या कहना है। क्या यह सही नहीं है कि इन पार्टियों की बेतवज्जही की वजह से वहां सरकार नहीं बन पाई? आपने अपने स्टेटमेंट में दावा किया है कि केंद्र सरकार जो है वह बड़ी यकीनीतौर पर डेमोक्रेटिक और ट्रेडीशनल वेल्यूज को जिंदा रखना चाहती है तो आप किन-किन पार्टीज के साथ वहां पर सरकार बनाने की कोशिश की है ताकि वहां पर ऐसी सरकार बने जो लोकप्रिय सरकार हो। आप भारतीय जनता पार्टी को छोड़ दें लेकिन भारतीय जनता पार्टी के अलावा, अगर आप आंकड़ों में जांए तो वे पार्टियां जो आपके साथ इस साझा सरकार में है वह या जो बाहर से आपकी मदद कर रही हैं अगर इन सब को मिला दिया जाए तो मेजोरिटी आपकी हो जाती है, तो ऐसी सूरत में मैं जानना चाहता हूं कि और अभी आजम खान साहब ने ठीक कहा कि कोर्ट का अदालती फैसले का हमें इंतजार करना चाहिए। लेकिन मेरी यह बात समझ में नहीं आता कि राजनैतिक मंच जो है, जो पार्लियामेंट है, जो लोकतंत्र और डेमोक्रेसी का सबसे बड़ा टेम्पल और सबसे बड़ा आईन है वह इन मामलों में विफल क्यों हो रहा है। आज जूडीशियरी के कहने से आप इस सिचुयेशन में आए हैं। हमें सरकार तो बनानी ही पड़ेगी। 26 दिसम्बर तक का आपके पास टाइम है। क्या माननीय मंत्री जी आस्वस्त करेंगे कि 26 दिसम्बर के अंदर-अंदर आपकी यह कोशिश होगी और जो भी वहां पर पार्टियां हैं उन पार्टियों के जरिए एक लोकप्रिय सरकार बनाई जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार तो हमें करना ही है। लेकिन इस अदालत के फैसले से पहले वहां एक लोकप्रिय सरकार बनाने के लिए आप क्या प्रयास करेंगे?

मैं श्री सतीश अग्रवाल जी के साथ पूरी तरह से मुत्तफिक हूं कि इस समय पार्लियामेंट का सेशन चल रहा है और उसको बड़ा लाइटली लिया गया है। आप आज यह जो भी तफसील लेकर आए हैं यह बहुत कम है। पी. टी. आई. ने जो इन्फार्मेशन दी है वह इससे ज्यादा बेहतर है जो आप हमको इन्फर्मेशन दे रहे हैं। जब पार्लियामेंट सेशन में हो तो उसको इतना लाइटली नहीं लेना चाहिए। पूरी तफसील हम लोगों को दी जानी चाहिए थी। राष्ट्रपति शासन वहां पर 17 अक्टूबर को दुबारा लगाया गया। हमें खेद है कि उस प्रोक्लेमेशन, जिसको हाई कोर्ट ने रिजेक्ट किया है, उसकी संस्तुति हमने दी है। इस हाउस ने दी है, दूसरे हाउस ने दी है। यह एक अच्छी हालत नहीं है। यह बहुत अच्छी सिचुएशन उभर कर नहीं आई है। डेमोक्रेटिक सिस्टम में, पार्लियामेंटरी सिस्टम आफ डेमोक्रेसी में कहीं न कहीं कमजोरी बढ़ रही है। सवाल किसी पार्टी का नहीं है बल्कि सवाल जम्हूरियत का, लोकतंत्र की जो प्रणाली है उसका है, डेमोक्रेटिक सिस्टम आफ दि गवर्नमेंट का है और इसे यकीनीतौर पर जिंदा रखना है या नहीं यह जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। मैं कई मर्तबा यहां पर कह चुका हूं, अभी परसों भी मैंने यह कहा था कि केंद्र के अंदर जो पार्टियां हैं तो उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने के लिए इन पार्टियों की जिम्मेदारी ज्यादा बन जाती है। वे लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए इगो, प्रेस्टिज और प्रतिष्ठा से ऊपर उठकर विचार-विमर्श करें तो मैं समझता हूं कि 6 दिनों के अंदर एक लोकप्रिय सरकार उत्तर प्रदेश को मिल सकती है, जो वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। इसी के साथ जो कोर्ट ने इंडिकेशन किया है तो मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस सिलसिले में कोई सीरियस एफर्ट्स आप दुबारा करने जा रहे हैं ताकि 5-6 दिनों के अंदर, हाई कोर्ट

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

के हुक्म का समय पूरा होने से पहले एक लोकप्रिय सरकार उत्तर प्रदेश को मिल जाए।

†[श्री सईद सबा रज़ी : आप यू-पी- वालों को बोलने दो-

मैडम-आज हमारे सदन के सामने एक बड़ी वेरी इंपार्टेंट एडमिनिस्ट्रेटिव आर्डिनेंस पर डिस्कशन आफ करने की होगी है - मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि और जैसा कि माननीय मंत्री जी ने अपने इस स्टेटमेंट के आखिर में कहा है कि :]

Let me, however, assure the House one again that the government firmly believes that a popular Government should indeed be installed in the State but in this effort we require the cooperation of all political parties to break the stalemate in the State.

†[मैं समझता हूं कि ढाई महीने - तीन महीने पहले असेंबली इलेक्शन में चुनाव हो चुके हैं - और बहुत पार्टियों को - सारी सियासी पार्टियों की बात की जा सकती है - लेकिन मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो पार्टियों की सरकार सेंटर में है - उन पार्टियों के बारे में आप क्या कहना चाहते - क्या यह सही नहीं है - कि उन पार्टियों के बे तवज्जही की वजह से वहां सरकार नहीं बन पाई - आपने अपने स्टेटमेंट में दावा किया है कि

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

लेकिन सरकार जो है वह बड़ी यकीनी तौर पर डेमोक्रेटिक और प्रेसिडेंशल सिस्टम को जिंदा रखना चाहती है - तो आपने कौन कौन पार्टियों के साथ वहां पर सरकार बनाने की कोशिश की है - ताकि वहां पर ऐसी सरकार बने जो लोक प्रिय सरकार हो आप भारतीय जनता पार्टी को छोड़ दें लेकिन भारतीय जनता पार्टी के अलावा अगर आप आर्टिकल्स में जाएंगे तो वह पार्टियां जो आपके साथ इस साझा सरकार में हैं वह या जो बाहर से आपकी मदद कर रही हैं - अगर इन सब को मिला दिया जाए तो मेजोरिटी आपकी हो जाती है - तो ऐसी सूरत में मैं जानना चाहता हूं कि और अभी आलम खान साहब ने ठीक कहा कि कोर्ट का अदालती फैसले का हमें इंतजार करना चाहिए लेकिन मेरी यह बात समझ में नहीं आती कि डेमोक्रेटिक मैंडेट जो है वह पार्लियामेंट है - जो लोक तंत्र और डेमोक्रेसी का सबसे बड़ा इंस्टीट्यूशन और सबसे बड़ा आर्गन है - वह इस मामले में दखल क्यों हो रहा है - आज जो डिस्कशन के लिए आप इस सब्जेक्शन में लाए हैं हमें सरकार तो बनानी ही पड़ेगी - २६ दिसम्बर तक का आपके पास टाइम है - क्या माननीय मंत्री जी आप आश्वस्त करेंगे कि २६ दिसम्बर के अंदर अंदर आपकी यह कोशिश होगी और

ڈیموکریٹک سسٹم میں پارلیمنٹ سسٹم آف ڈیموکریسی میں کہیں نہ کہیں کمزوری بڑھ رہی ہے سوال کسی پارٹی کا نہیں ہے بلکہ سوال جمہوریت کا ہے۔ لوک تنتر کی جو پرنالی ہے اسکا ہے۔ ڈیموکریٹک سسٹم آف دی گورنمنٹ کا ہے۔ اور اسے یقینی طور پر زندہ رکھنا ہے۔ یا نہیں۔ یہ ذمہ داری لیجسلیچر اور سرکار کی ہے۔ میں کئی مرتبہ یہاں پر کہہ چکا ہوں۔ ابھی پرسوں بھی میں نے کہا تھا کہ لیجسلیچر کے اندر جو پارٹیاں ہیں تو اقتدار پردیش میں سرکار بنانے کیلئے ان پارٹیوں کی ذمہ داری زیادہ بن جاتی ہے۔ وہ لوک تنتر کو زندہ رکھنے کیلئے ایگریسیو۔ پریسیجیو۔ اور پرتشٹھا سے اوپر اٹھکر وچار و مرش کریں۔ تو میں سمجھتا ہوں کہ چھ دنوں کے اندر ایک لوک پریئے سرکار اقتدار پردیش کو مل سکتی ہے۔ جو وقت کی سب سے بڑی ضرورت ہے۔ اسی کے ساتھ جو کورٹ نے انڈیکیشن کیا ہے۔ تو میں جاننا چاہتا ہوں کہ کیا اس سلسلہ میں کوئی سیریس الفرشس آپ دوبارہ کرنے جا رہے ہیں۔ تاکہ پانچ چھ دنوں کے اندر ہائیکورٹ کے حکم کا سمے پورا ہونے سے پہلے ایک ایک لوک پریئے سرکار اقتدار پردیش کو مل جائے۔

جو بھی وہاں پر پارٹیاں ہیں ان پارٹیوں کے ذریعے۔ ایک لوک پریئے سرکار بنائی جائیگی۔ سپریم کورٹ کے فیصلے کا تو انتظار تو ہمیں کرنا ہی ہے۔ لیکن اس عدالت کے فیصلے سے پہلے وہاں ایک لوک پریئے سرکار بنانے کیلئے آپ کیا پریاس کریں گے۔

میں شری اگروال جی کے ساتھ پوری طرح سے متفق ہوں کہ اس وقت پارلیمنٹ کا سیشن چل رہا ہے۔ اور اسکو بجرالا ئٹلی لیا گیا ہے۔ آپ آج یہ جو بھی تفصیل لے کر آئے ہیں۔ یہ بہت کم ہے۔ پی۔ ٹی۔ آئی نے جو انفارمیشن دی ہے وہ اس سے زیادہ بہتر ہے۔ جو آپ ہم کو انفارمیشن دے رہے ہیں۔ جب پارلیمنٹ سیشن میں ہو تو اسکو اتنا لائٹلی نہیں لینا چاہیئے۔ پوری تفصیل ہم لوگوں کو دی جانی چاہیئے تھی۔ اخیر پتی شاسن وہاں پر ۱۷ اکتوبر کو دوبارہ لگایا گیا۔ ہمیں کھید ہے کہ اس پر وکلیمیشن جسکو ھائیکورٹ نے ریجیکٹ کیا ہے۔ اسکی سنستی ہم نے دی ہے۔ اس ھاؤس نے دی ہے۔ دوسرے ھاؤس نے دی ہے۔ یہ ایک اچھی حالت نہیں ہے۔ یہ بہت اچھی سچویشن ابھر کر نہیں آئی ہے۔

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): शास्त्री जी, आप दो मिनट में अपनी बात कहें।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं बहुत अदब के साथ माननीय विधि मंत्री जी से पूछना चाहता हूं जब उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट की फुल बेंच ने यह निर्णय दिया है कि लोकतांत्रिक पद्धति की रक्षा नहीं की गई तब यह कहना

"...the consistent stand of the Government has been that it stands for democratic tradition and democratic values." क्या एक व्यंग्य नहीं है? उस आंख खोल देने वाले निर्णय के बाद इस प्रकार की उक्तियों पर मुझे मिर्ज़ा ग़ालिब की पंक्तियां याद आती हैं।

शर्म तुमको मगर नहीं आती

मैं बताना चाहता हूं कि अगर आपको लोकतांत्रिक पद्धति का इतना दर्द था तो आपने उस राज्यपाल को उत्तर प्रदेश में न भेजा होता जिसके साथ अनेक किस्से, अनेक सामियों के जुड़े हुए हैं, जो राज्यपाल एक विशेष दल का प्रतिनिधि बना और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार से हारा, जो राज्यपाल जब त्रिपुरा में था...(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप प्रश्न पूछ लीजिये।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मेरे मित्र विप्लव दासगुप्त की पार्टी ने उस राज्यपाल की निंदा की थी, हटाने की मांग की थी। मैं बताना चाहता हूं कि उस राज्यपाल ने वहां पर जो कुछ हरकतें की थीं स्टेट्समैन में पूरी अक्षरश: छापी गई थीं। किस तरह से उन्होंने एक झूठा केस बड़े राष्ट्रनायक के विरुद्ध बनाने की चेष्टा की थी। तो यह वह राज्यपाल है जो लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहा है। यह वह राज्यपाल है जिसने माननीय बोम्मई के केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो निर्णय किया गया उसको पैरों तले रौंद रहा है। (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): शास्त्रीजी, मुझे आपको रोकना पड़ रहा है, आप विषय पर नहीं बोल रहे हैं।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: बोम्मई निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल को कोई अधिकार नहीं होता कि वह फैसला करे कि बहुमत में कोई पार्टी है या नहीं है। सीधी बात है कि जो सब से बड़ी पार्टी है उसको बुलाने के लिए राज्यपाल कानूनन और लोकतांत्रिक परंपरा के द्वारा बाध्य है। क्या उसने उस लोकतांत्रिक पद्धति का अनुगमन किया, अगर ऐसा नहीं किया तो उस लोकतांत्रिक परंपरा के हनन करने वाले राज्यपाल के साथ आप क्या करने जा रहे हैं खास कर के जब फुल बेंच ने कहा है कि इस राज्यपाल ने सरकार के गठन के लिए कोई जिम्मेदार कदम नहीं उठाया। यह मेरी बात नहीं है, माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, यह बात उस निर्णय में कही गई है, इस को मैं बिलकुल पूछ सकता हूं। ऐसे गैर-ज़िम्मेदार, ऐसे लोकतंत्र विरोधी राज्यपाल के साथ आप क्या करने जा रहे है? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या अब आप लोकतांत्रिक मर्यादा की रक्षा करेंगे और लोकतंत्र की मर्यादा की रक्षा करते हुए वहां एक लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए कदम उठायेंगे या आप सुप्रीम कोर्ट में जाने का सपना देख रहे हैं? वहां पर फिर हार हो गई तो फिर आप क्या करेंगे? क्या आपकी पूरी सरकार के पास त्याग-पत्र देने के इलावा और कोई रास्ता बचेगा? (व्यवधान) किसी को भी बना दीजिये। अगर आप समझते हैं कि उसका बहुमत है, अगर वह सब से बड़ी पार्टी है तो मुझ को क्या आपत्ति हो सकती है। सवाल यह है कि सब से बड़ी पार्टी है या नहीं है, इसके बारे में आप फैसला कीजिये। मैं जानना चाहता हूं माननीय विधि मंत्री जी कि क्या आप वह वैधानिक काम करेंगे या उसी प्रकार से अवैधानिक निर्णय लेंगे जिस प्रकार उन्होंने पूरी संसद् को अवैधानिक काम में फंसा का पूरी संसद् को बेइज्जत कर दिया है। मैं उनसे अपील करना चाहता हूं और जानना चाहता हूं कि इस निर्णय के बाद वे कौन सा वैधानिक कदम उठाना चाहते हैं जिससे उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की रक्षा हो और वहां लोकप्रिय सरकार का गठन हो। धन्यवाद।

श्री ईश दत्त यादव: (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं विधि मंत्री जी के बयान से संबंधित विषयों पर ही सीमित शब्दों में अपनी राय रखूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): ईश दत्त यादव जी अंतिम वक्ता है इस विषय पर।

श्री ईश दत्त यादव: मैं प्रयास करूंगा कि हमारे विपक्षी दलों, भारतीय जनता पार्टी के लोग भी ऊपर से नहीं दिल से हमारी राय से सहमत हों। मैडम, उत्तरप्रदेश में चुनाव हुए। कोई दल बहुमत में नहीं आया। सरकार नहीं बन सकी। हाईकोर्ट में रिट दाखिल हो गयी और हाईकोर्ट में दो जज थे। एक राय नहीं हो सकी। फुल बेंच को मामला चला गया। फुल बेंच ने इसका निर्णय दे दिया। जैसा कि विधि मंत्री जी कहते हैं, पूरा निर्णय हमारे समक्ष नहीं है। लेकिन मेरी राय में इसमें दो तीन बातें उठती हैं। आप सब लोगों को अगर आप कहते हैं कि हम संविधान के रक्षक हैं तो आपको भी इस पर गंभीरता से विचार करना पड़ेगा। इसमें दो तीन प्वाइंट्स अराइज होते हैं। माननीय सतीश

अग्रवाल जी हमारे सीनियर हैं, कानून के विद्वान हैं, हमारे वित्त मंत्री जी भी कानून के विद्वान हैं। बैठे हुए हैं। ला मिनिस्टर और बहुत से कानून के विद्वान हैं। जिस दिन यह रिट दाखिल हुई इलाहाबाद हाईकोर्ट में उस दिन दोनों सदनों ने राष्ट्रपति जी की उद्घोषणा की पुष्टि नहीं की थी उसके बाद पुष्टि हुई थी। जहां तक मेरी जानकारी है डेट आफ इंस्टीट्यूशन पर, जिस दिन कोई मुकदमा दाखिल किया जाता है उस दिन जो प्वाइंट रहता है, कोर्ट का ज्योरिसडिक्शन उसी को डिसाइड करने का रहता है। अभी माननीय सतीश अग्रवाल जी पी.टी.आई. की न्यूज पढ़कर सुना रहे थे। पी.टी.आई. न्यूज में इनके अनुसार है कि जो रैटीफिकेशन हुआ संसद से उसको भी हाई कोर्ट ने निरस्त कर दिया। तो मेरी राय में एक कांस्टीट्यूशनल प्वाइंट या लीगल प्वाइंट यह आ रहा है कि क्या जो प्वाइंट उस दिन डेट आफ इंस्टीट्यूशन को नहीं था उस इश्यू को भी कोर्ट डिसाइड कर सकता है या नहीं कर सकता है। हाई कोर्ट कर सकता है या नहीं कर सकता है? दूसरा प्वाइंट यह है कि कांस्टीट्यूशन में, हमारे संविधान में यह कहीं व्यवस्था नहीं है कि राज्यपाल या राष्ट्रपति सिंगल लार्जेस्ट पार्टी को सरकार बनाने के लिए बुलाएं। परंपरा हो सकती है। पास्ट में हुआ होगा। हुआ है। लेकिन हमारे संविधान में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है कि राज्यपाल या राष्ट्रपति विवश है सिंगल लार्जेस्ट पार्टी को काल करने के लिए। यह भी एक लीगल प्वाइंट इन्वाल्व हो रहा है इस केस में। मैं हाई कोर्ट के निर्णय का सम्मान करता हूं। मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के अंदर एक लोकप्रिय सरकार बने लेकिन जो लीगल और कांस्टीट्यूशनल इंपलीकेशंस हैं जो लीगल और कांस्टीट्यूशनल प्वाइंट्स अराइज हो रहे हैं ये केवल आज उत्तर प्रदेश के लिए नहीं है। यह देश अनंत काल तक चलेगा। हम और आप नहीं रहेंगे लेकिन इस देश में यह कांस्टीट्यूशनल प्वाइंट डिसाइड हो जाना चाहिए। यह लीगल प्वाइंट डिसाइड हो जाना चाहिए कि अगर संविधान में सिंगल लार्जेस्ट पार्टी की व्यवस्था नहीं है तो क्या कोई कोर्ट इस तरह के लिए मजबूर कर सकता है। मैं हाई कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए कह रहा हूं कि क्या डेट आफ इंस्टीट्यूशन पर अगर पुष्टि नहीं हुई है राष्ट्रपति की उद्घोषणा की तो उसका क्या जजमेंट में वर्णन हो सकता है? उसको निरस्त किया जा सकता है। संसद जिसको सावरेन कहा गया है, सार्वभौम कहा गया है, इस सार्वभौम की सत्ता को क्या किसी हाई कोर्ट के निर्णय से निरस्त किया जा सकता है? मैं चाहता हूं कि पूरा सदन इस पर गंभीरता से विचार करे। उत्तर प्रदेश में किसको सरकार बनेगी इसके लिए मैं चिंतित नहीं हूं। उत्तर प्रदेश के अंदर लोकप्रिय सरकार बने मैं इसके लिए चिंतित हूं। हाई कोर्ट के निर्णय का सम्मान किया जाए, मैं इसके लिए चिंतित हूं। लेकिन मैं साथ ही इसके लिए भी चिंतित हूं कि इस देश की विधि व्यवस्था क्या होगी, संविधान क्या होगा और आने वाले दिनों में इस देश की व्यवस्था कैसे चलेगी? इस पर आप गंभीरता से विचार करें और इसलिए मैडम, मैं आपके माध्यम से विधि मंत्री जी से यह अनुरोध कर रहा हूं, भारत सरकार से भी अनुरोध कर रहा हूं कि इस पर गंभीरता से विचार करें। हमारे अहलुवालिया जी चले गए। वह बोले उस हाई कोर्ट ने एक थप्पड़ मार दिया और एक थप्पड़ सुप्रीम कोर्ट मार देगी और हमारे एक माननीय सदस्य उधर से भी बोल रहे थे कि अपमानित होकर निकलोगे। जैसे सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट यह देंगे और अहलुवालिया साहब देंगे। मैं समझता हूं कि यह सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में दखल है। हर व्यक्ति का डेमोक्रेटिक कंट्री में, जहां कंस्टीट्यूशन का ला है, सब लोगों का यह अधिकार है कि एक कोर्ट के निर्णय से सन्तुष्ट नहीं; तो दूसरे कोर्ट में जाएं। लेकिन आप चैलेंज कर रहे हैं कि एक थप्पड़ इस हाई कोर्ट ने मारा है और एक थप्पड़ सुप्रीम कोर्ट मारेगी और आप बोल दिए कि आप अपमानित हो जायेंगे। क्या सुप्रीम कोर्ट में अगर कोई न्याय के लिए जाता है, कांस्टीट्यूशनल प्वाइंट के डिसिज़न के लिए जाता है तो वह अपमान माना जाता है। यह तो गौरव की बात है, सम्मान की बात है और इसमें लीगल प्वायंट्स इन्वाल्व हुए हैं और इस पर उत्तेजित होने की जरूरत नहीं है कि किसकी सरकार बनेगी, किसकी नहीं बनेगी। मैं चाहता हूं कि इस पर पूरा सदन गंभीरता से सोचे।

मैडम, मैं आपके माध्यम से विधि मंत्री जी से अनुरोध कर रहा हूं कि इस पर आप और भारत सरकार भी गंभीरता से विचार करे। यह जो लीगल कंप्लीकेशंस हैं, हाई कोर्ट के निर्णय से जो लीगल कंप्लीकेशंस पैदा हुए हैं, हाई कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हुए इनका भी स्पष्टीकरण हो जाए ताकि देश की भावी राजनीति के लिए केवल उत्तर प्रदेश का ही एक उदाहरण नहीं है, कल बिहार का आयेगा, पश्चिमी बंगाल का आयेगा, मध्य प्रदेश का आयेगा, गुजरात का आयेगा, हिन्दुस्तान में ऐसी समस्यायें पैदा होंगी क्योंकि जिस तरह से दलगत स्थिति इस देश की चल रही है, छोटी-छोटी पार्टियां उभर रही हैं, आज मैंने अभी सुना नरसिंह राव जी ने इस्तीफा दे दिया। अभी सुना है। पता नहीं यह सही है या गलत है? वहां भी दो टुकड़े हो गए।...(व्यवधान) यह दलगत स्थिति जो देश के अंदर पैदा हो गई है और क्षेत्रीय दल जो पैदा हो रहे हैं, इसलिए भविष्य में कम से कम ज्यादा दिनों तक इस देश के अंदर ऐसी लीगल समस्या उत्पन्न होगी जिसका निराकरण करने

के लिए मैं चाहता हूं कि माननीय विधि मंत्री जी आप गंभीरता से विचार करें और मैं अपनी व्यक्तिगत राय दे रहा हूं कि इस सरकार को इस निराकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट में जाना चाहिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): विधि मंत्री जी।

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: Madam, I am grateful to the hon. Members who have raised various points on the statement read out before this House. One thing I must once again make clear, that this statement only refers to the information that we have received from Lucknow. That information only says that the hon. High Court in the full bench judgement has been pleased to set aside the proclamation. We have still not received the copy of the judgement.

Madam, we have a lawyer there with whom we are in constant touch and our lawyer has informed us that the judgement copies are not available so far. This information came to us around 1 o'clock and further information is not available. Therefore, it is not exactly possible to know what reasoning the hon. High Court has adopted in setting aside the Proclamation.

Now, based on this, it is just not possible to react to the various statements made by the hon. Members here. It has been said here that we have been only informed that the hon. court said that the Proclamation is unconstitutional. Again we have to read the reasoning adopted by the hon. High Court to know exactly how they arrived at this particular conclusion. And this is not the end of the road. There are options available. We have other fora where we can go. The right to go to the Supreme Court has not been barred.

Secondly, the hon. court themselves have said that this judgement which they have passed shall become operative from the 26th of December. Why did they say this? They said this because probably the High Court on its own felt that there may be reasons...

PROF. RAM KAPSE: They felt that a popular Government may be formed in the meantime.

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: Could be. Could be. That could be one of the things. If you want to believe in that, you are free to believe that the court might have thought that there is a possibility of probing the possibility of forming a Government there. But any judgement, when it is stayed, the basic consideration is that the party aggrived is given an opportunity to appeal to the higher court.

This is how I understand it, and I think everybody must understand it. That is the time-limit given to us. We asked for three weeks and the hon. Court was pleased to give us one week. Why? What were the reasons as to why we asked for it? We said that we want to appeal to the Supreme Court against this order and asked for three weeks time. The Court said, ""We cannot give three weeks time; we will give you one week." So, we have one week before us and we are awaiting the judgement.

Now various other points have been raised by various Members. It is asked whether the ratification of the proclamation itself is unconstitutional. As I said, since I don't have a copy of the judgement, I am not in a position to say, at this moment, whether the Court said that the ratification of the proclamation by this august House is also unconstitutional.

Shri John F. Fernandes and Shri Agarwalji raised certain issues in their own way and said that we extended the proclamation beyond one year. Then, article 356 was read. Reference was also made to article 356(1), (2), (4) & (5).

I am not going into all these since this matter had been fully discussed in both the Houses at the time when the proclamation was ratified. But, I would only say that there were two different situations. After the election, a new situation arose whereunder the Governor felt that no party was in a position to form the Government as no party enjoyed majority. As a result of this new situation, a step had to be taken. A Government, in his opinion, could not be formed.

So, under these circumstances, we cannot leave the whole thing to the winds Madam. A constitutional remedy had to be found out and the constitutional remedy was to issue a further, new, altogether new, proclamation under article 356(1), which has been passed. Hon. Agarwalji said that there is a reference

to article 356(2). He is right. There is a reference to article 356(2) because the previous proclamation was under article 356(2) revoked, and since there was a new situation, a fresh proclamation was issued. That was under article 356(1). We cannot mix up the two situations and then say, just because it appears that, on the face of it, one proclamation had ended and another proclamation has come in, one order is over and for a further period of six months, the President's rule has come in, it does not mean that President's rule has been continued beyond one year. Article 356 (5) is very clear on this issue. Therefore, we could not go under article 356(5). We have gone under article 356(1). That is a very clear situation. ...(*Interruptions*)... I don't want to argue on these, but since I was called upon to say this... ...(*Interruptions*)...

SHRI SATISH AGARWAL: I am not joining issue with you. The proclamation has been issued under article 356(1).

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: No.

SHRI SATISH AGARWAL: I am not joining issue with you. ...(*Interruptions*)... Under article 356(1), it has been issued. This is the proclamation. ...(*Interruptions*)...

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: I have the file with me.

SHRI SATISH AGARWAL: I have the Gazette. ...(*Interruptions*)... This is the Government of India Gazette which says, "In exercise of the powers conferred by article 365(1) of the Constitution, I shanker Dayal Sharma, President of India, hereby... ...(*Interruptions*)... You carry on. ...(*Interruptions*)... You carry on.

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: I once again make categorical statement ...(*Interruptions*)...

SHRI SATISH AGARWAL: I don't want to join issue. ...(*Interruptions*)...

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: ... under article 356(1), a fresh proclamation was issued. This is the clear position, Madam.

"घटना की धज्जियां उड़ाई गई, वगैरा-वगैरा।"

I won't go into all those aspects. We have gone purely by the letter and spirit of the Constitution. This is I want to confirm here. What will happen thereafter? I have said in this very statement, "We have appealed to all political parties, kindly co-operate. ...(*Interruptions*)...

श्री गया सिंह: इधर आ जाओ।

SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI: The Constitution does not mention about political parties. Political parties have been mentioned only in the Anti-Defection law. The Constitution does not talk about any political party.

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: We don't believe in any horsetrading. We don't want to break any political party. We want a popular Government to come there, as soon as possible. ...(*Interruptions*)...

SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI: When somebody comes to you, it is home-coming and it is horsetrading for others. It is known in Goa. This practice is well-known in Goa. ...(*Interruptions*)...

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: I do not want to go into those aspects. ...(*Interruptions*)... We have appealed to all the political parties to co-operate to break this stalemate. How best it can be done, we leave it to the best imagination and creativity on the possibility of ...(*Interruptions*)...

SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI: Your silence is very well known. (*Interruptions*).

SHRI SIKANDER BAKHT: Madam, before he completes, please give me a minute. My demands are in the form of three questions. Number one, are you prepared to consider dismissal of the Uttar Pradesh Governor? Two, are you prepared to install a regular Government there? Will the largest party in Uttar Pradesh be called so that you will be able to get over the Constitutional difficulty? Three, are you going to resign because the entire Parliament has been put in a very inconvenient position? Please answer there three questions. (*Interruptions*).

SHRI RAMAKANT D. KHALAP: I say it emphatically that there is nothing in this case which calls for resignation of our Government. (*Interruptions*) This is not for the first

time. The hon. Parliament has passed Statutes and Statutes, Bills and Bills which have been challenged in various courts at various times. The courts have set aside as *ultra vires* the provisions of various legislations passed by the Parliament. It does not call for resignation. In this case we are within our Constitutional rights, we are within our propriety, we have not in any way contravened any provision of law. ...(*Interruptions*)... The High Court has held that whatever has been performed has not been correctly performed. ...(*Interruptions*)... The Supreme Court is still to pass its final judgement on this finding. ...(*Interruptions*)...

श्री सिकन्दर बख्त: सदर साहिबा, मैं इसके अलावा कुछ नहीं कर सकता हूं, मुझे खलप साहब बहुत अजीज हैं, साफ-सुथरे आदमी हैं, लेकिन यह कि जो बुनियादी बात थी उस बात को आपने अपने जवाब देने में बिल्कुल अवायड किया, जवाब नहीं दिया उसका, इसलिए अब मेरे पास इसके अलावा कोई चारा नहीं कि मैं खलप साहब से जवाब के खिलाफ प्रोटेक्ट करते हुए वाक-आऊट कर जाऊं।

†شری سکندر بخت: صدر صاحبہ۔
میں اسکے علاوہ کچھ نہیں کر سکتا ہوں۔
مجھے کھلپ صاحب بہت عزیز ہیں۔ صاف
ستھرے آدمی ہیں۔ لیکن یہ کہ جو بنیادی
بات تھی اس بات کو آپنے اپنے جواب
دینے میں بالکل اوائڈ کیا۔ جواب نہیں
دیا اسکا۔ اسلئے اب میرے پاس اسکے
علاوہ کوئی چارہ نہیں کہ میں کھلپ صاحب
کے جواب کے خلاف پروٹیسٹ کرتے
ہوئے واک آؤٹ کر جاؤں۔

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

(कुछ माननीय सदस्य सदन से उठकर चले गए।)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Now, a message from the Lok Sabha to be read out by Secretary General

---

MESSAGE FROM THE LOK SABHA

The Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 1996

SECRETARY-GENERAL: Madam, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:

> "In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 1996, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 18th Decemver, 1996.
>
> 2. The Speaker has certified that this Bill is a Money Bill within the meaning of article 110 of the Constitution of India.
>
> Madam, I lay the Bill on the Table."

THE BUDGET (UTTAR PRADESH), 1996-97

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Now, the Finance Minister has to reply to the discussion on the U.P. Budget.

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): Madam, I have also to move the Uttar Pradesh Appropriation (No. 2) Bill, 1996.

The Appropriation Bill includes a sum of Rs. 22,127.97 crores voted by the Lok Sabha on the 18th December, 1996, and Rs. 6776.15 crores charged on the Consolidated Fund of the State of Uttar Pradesh. These amounts, inclusive of the amounts authorised for withdrawal under the Uttar Pradesh Appropriation (Vote-on-Account) No. 2 Act, 1996, have been sought to enable the Government of Uttar Pradesh to meet its expenditure during the current financial year. ...(*Interruptions*)...